सुनले ओ मेरी मैया मुझे तेरा ही सहारा माता भजन लिरिक्स

सुनले ओ मेरी मैया,
मुझे तेरा ही सहारा,
तेरा ही सहारा मुझे,
तेरा ही सहारा।bd।

तर्ज – सारी दुनिया प्यारी पर तू है।

दूर दूर तक ओ मेरी मैया,
सूझे नहीं किनारा,
एक बार आ जाओ मैया,
मैंने तुम्हे पुकारा,
तुम बिन कौन हमारा,
माँ तुम बिन कौन हमारा,
तेरा ही सहारा मुझे,
तेरा ही सहारा।bd।

नैया हमारी ओ मेरी मैया,
अब है तेरे भरोसे,
खेते खेते हार गया हूँ,
डरता हूँ लहरों से,
घिर गए काले बादल,
और छाया है अँधियारा,
तेरा ही सहारा मुझे,
तेरा ही सहारा।bd।

अंधियारी रातों में मैया,
बिजली कढ़ कढ़ कढ़के,
डूब ना जाए नैया मेरी,
दिल मेरा ये धडके,
'श्याम' को भी तारो,
लाखों को तुमने तारा,
Bhajan Diary Lyrics,
तेरा ही सहारा मुझे,
तेरा ही सहारा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सुनले ओ मेरी मैया,
मुझे तेरा ही सहारा,
तेरा ही सहारा मुझे,
तेरा ही सहारा।bd।

गायक – सौरभ मधुकर।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com